NEW YORK STATE | Department of Health

# प्रशामक देखभाल क्या है?

**प्रशामक देखभाल (Palliative care) बीमारी के किसी भी चरण में मरीज़ों के लिए उपलब्ध है। इसका उद्देश्य आपको अस्पताल और आपातकालीन विभाग में भर्ती होने से बचाना है। प्रशामक देखभाल आपके दर्द या उन लक्षणों को नियंत्रित में मदद करती है जो गंभीर या पुरानी (दीर्घकालिक) बीमारी के साथ उत्पन्न होते हैं। आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और विशेषज्ञ दल यह सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करते हैं कि आपको और आपके परिवार को सर्वश्रेष्ठ देखभाल मिल सके।**

## मेरे लिए प्रशामक देखभाल कब सही है?

- क्या आप किसी नए निदान से जूझ रहे हैं?
- क्या आप हाल ही में अस्पताल में भर्ती हुए थे?
- क्या आप अक्सर आपातकालीन विभाग में जाते हैं?
- क्या आप किसी पुरानी बीमारी के कारण होने वाले दर्द, चिंता या अन्य लक्षणों से पीड़ित हैं?
- क्या आप ठीक होने के लिए इलाज करवा रहे हैं?

***यदि आपने इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर हाँ में दिया है, तो प्रशामक देखभाल आपके लिए है!***

## प्रशामक देखभाल के लिए भुगतान कौन करता है?

प्रशामक देखभाल एक चिकित्सा विशेषज्ञता है। यह Medicare सहित कुछ बीमा योजनाओं द्वारा कवर की जाती है।

## मुझे प्रशामक देखभाल कहाँ मिलेगी?

आप प्रशामक देखभाल वहीं प्राप्त कर सकते हैं जहाँ आप अभी रह रहे हैं--अपने घर में, अस्पताल में, कुछ बाह्य रोगी क्लीनिकों में, या किसी सुविधा में।

## मुझे प्रशामक देखभाल कैसे प्राप्त हो सकती है?

बस पूछें! कोई भी व्यक्ति प्रशामक देखभाल के लिए पूछ सकता है। इसमें आप (मरीज़), आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, दोस्त, परिवार का कोई सदस्य, या कोई सामाजिक सेवा एजेंसी शामिल हैं।

# प्रशामक देखभाल बनाम हॉस्पिस देखभाल

## प्रशामक देखभाल और हॉस्पिस देखभाल (Hospice Care) के बीच अंतर जानें

| प्रशामक देखभाल | हॉस्पिस देखभाल |
| --- | --- |
| अंतिम चरण की बीमारी के निदान की आवश्यकता नहीं: मरीज़ को गंभीर या पुरानी बीमारी/बीमारियाँ हैं | 6 महीने या उससे कम के पूर्वानुमान वाली अंतिम चरण की बीमारी का निदान: यह अनुमान लगाया जाता है कि मरीज़ 6 महीने या उससे कम जीवित रहेगा |
| पुरानी बीमारी का प्रबंधन | अंतिम अवस्था की देखभाल |
| उपचार जारी रखें | उपचार बंद कर दें |

**हॉस्पिस और प्रशामक देखभाल केंद्र**
**(Center for Hospice & Palliative Care)**
**वृद्धावस्था और दीर्घकालिक देखभाल कार्यालय**
**(Office of Aging and Long-Term Care)**
**ईमेल:** CHPC@health.ny.gov
**फ़ोन:** (518) 807-7848

health.ny.gov/hospice

NEW YORK STATE | Department of Health

#14231 (Hindi)

11/2025